RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 173 | TUESDAY 30-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



बरसों से ये यहीं पर, लटक रहीं सरकार।
होती रहती स्पार्किंग, जलते रहते तार।
जलते रहते तार, सभी सरकारें ठरकी।
कितना बोला इन्हें, कान पर जूं ना सरकी।
कह साहिल कविराय, हाथ पर उगी ना सरसों।
कभी पड़ा ना फर्क, हो गये कहते बरसों।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# श्री अकाल तख्त साहिब में पेश हुए पंजाब के विधायक, जत्थेदार का आदेश-एक महीने में बेअदबी कानून में 6 संशोधन करो



### कस्टोडियन की बात क्या कानून में लिखी

इस दौरान जत्थेदार कुलदीप गड़गज ने सीएम भगवंत मान के 2 बयान सुनवाए। जिनमें वह कह रहे हैं कि अगर बेअदबी करने वाला मानसिक रोगी हुआ तो उसके मां-बाप या कस्टोडियन को सजा मिलेगी। उन्होंने आप मंत्री-विधायकों से पूछा कि क्या ये बात कानून में लिखी है। कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां कोई स्पष्ट बात नहीं कर सके। इस पर विधायक इंद्रबीर सिंह निज्जर ने कहा कि इस सुनवाई का लाइव टेलीकास्ट नहीं करना चाहिए, यह संवेदनशील मसला है। इस पर अकाल तख्त जत्थेदार ने कहा कि सीएम ने ही हर कार्रवाई का लाइव टेलीकास्ट करने को कहा था।

### सिखों के कानून पर राय लेने की जरुरत

जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने कहा कि सरकार अपने कानून बनाए, अकाल तख्त को कोई एतराज नहीं लेकिन सिखों के लिए कोई कानून बने तो उसमें सिखों की राय लेनी चाहिए। उस कानून में शोध करनी थी तो हमें भी बुलाते। कानून में जो शोध की है उसके लिए क्या शिरोमणि कमेटी से कोई राय ली। इस पर आप विधायक इंद्रवीर निज्जर ने कहा कि जब सुझाव मांगे थे तब एसजीपीसी को बुलाया था। निज्जर ने कहा कि कमेटी की तरफ से कोई चिट्ठी नहीं भेजी गई। सरकार का मुझे नहीं पता। अकाली विधायक गनीव कौर ने कहा कि विधानसभा में बोलने पर बेइज्जती करते हैं।

पंजाब/यूटर्न/29 जून।

श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज के हुक्म पर सोमवार को पंजाब के सभी सिक्ख विधायक अमृतसर पहुंचे। वे श्री अकाल तख्त साहिब में पेश हुए। इस दौरान बेअदबी कानून को लेकर चर्चा हुई। जिसमें अकाल तख्त जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने कानून पर 6 एतराज जताए।

जत्थेदार ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को बेअदबी कानून जागत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) एक्ट-2026 में एक महीने में संशोधन करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बेअदबी करने वालों को सजा देने के लिए कानून बनाए, इस पर कोई एतराज नहीं है, लेकिन सिख शब्दावली, मयार्दा और पंथ से जुड़े मामलों में विधानसभा फैसला नहीं कर सकती। तब तक इस कानून को होल्ड किया जाए। जत्थेदार ने 2 सवाल पूछे।

सुनवाई से पहले जत्थेदार ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के दो वीडियो भी सुनवाए। पेशी के लिए आप के सभी सिख मंत्री और विधायक नंगे पैर लिखित स्पष्टीकरण के साथ अकाल तख्त पहुंचे। कांग्रेस, अकाली दल और निर्दलीय विधायक भी सुनवाई में मौजूद रहे।

### यह छह ऐतराज जताए

जत्थेदार ने इस कानून में छह ऐतराज जताए हैं।

जिसमें बीड़ साहिब की जगह स्वरूप कहना, कस्टोडियन वाली मद हटायी जाए, गुरु ग्रंथ साहिब जी के यूनिक नंबर पर एतराज, कस्टोडियन के फर्ज तय करने पर एतराज, कस्टोडियन को सजा पर एतराज और कानून में दुर्घटना की स्थिति का जिक्र क्यों नहीं है।

# लुधियाना वेस्ट में फिर गरमाई राजनीति, पार्षद पति पर O&M कर्मचारी से हाथापाई के आरोप

## अभद्र शब्दावली के इस्तेमाल की भी चर्चा, मामला रफादफा करवाने में जुटे सियासी बाहुबली

लुधियाना/यूटर्न/29 जून।

हल्का वेस्ट की राजनीति एक बार फिर विवादों में आ गई है। शहर में चर्चा है कि विपक्ष से जुड़े एक दबंग पार्षद पति का नया कारनामा सामने आया है। आरोप है कि नगर निगम की O&M टीम के एक कर्मचारी के साथ न केवल हाथापाई की गई, बल्कि उसके साथ अभद्र शब्दावली का भी इस्तेमाल किया गया। घटना के बाद निगम कर्मचारियों और राजनीतिक हलकों में नाराजगी देखी जा रही है।




सूत्रों के अनुसार O&M टीम का कर्मचारी अपने विभागीय काम के सिलसिले में मौके पर पहुंचा था। इसी दौरान पार्षद पति और कर्मचारी के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि हाथापाई की नौबत आ गई। आरोप है कि कर्मचारी को धमकाने के साथ-साथ उसके खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल भी किया गया।

इस घटना के बाद मामला थाने या विभागीय शिकायत तक पहुंचे, इससे पहले ही कुछ प्रभावशाली लोगों ने बीच-बचाव शुरू कर दिया। शहर में चर्चा है कि मामले को रफादफा करवाने के लिए एक बाहुबली नेता सक्रिय हो गया है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि सरकारी कर्मचारी के साथ ड्यूटी के दौरान बदसलूकी हुई है, तो क्या इसे केवल समझौते के नाम पर दबा दिया जाएगा? राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि लुधियाना वेस्ट में विपक्षी नेताओं की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है। निगम कर्मचारी फील्ड में काम करने से पहले अब सियासी दबाव और स्थानीय नेताओं के रवैये को लेकर भी चिंतित हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि ड्यूटी के दौरान उन्हें सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तो जनसेवा से जुड़े काम प्रभावित होंगे।

वहीं, इस पूरे घटनाक्रम ने विपक्षी खेमे की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ नेता जनता के मुद्दे उठाने का दावा करते हैं, दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों से बदसलूकी के आरोप उनकी छवि पर सवाल खड़े करते हैं। अब देखना यह होगा कि नगर निगम प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई करता है या मामला राजनीतिक दबाव में ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। फिलहाल लुधियाना वेस्ट में यह विवाद सियासी चर्चा का बड़ा मुद्दा बन गया है।

# बदलते लाइफस्टाइल और फूड के कारण लोग डायबिटीज और ओबेसिटी के हो रहे शिकार, कंट्रोल न किया तो किडनी फेल होने तक का खतरा : डॉ. परमिंदर सिंह

शिफाली





लुधियाना/यूटर्न/29 जून। आज कल लोगों द्वारा वेस्टर्न लाइफस्टाइल एक्सेप्ट करने के चलते अपना खाना-पीना और घूमने-फिरने के तरीकों में भी भारी बदलाव कर लिया है। बेशक बदलती डाइट और कारों में घूमना अच्छा लगता है। लेकिन अब धीरे-धीरे हमारे यही कारण बीमारियां पैदा करने में लग गए हैं। बदलती दिनचर्या के कारण लोगों में डायबिटीज और ओबेसिटी की समस्या काफी तेजी से फैल रही है। रोजाना सैकड़ों की गिनती में इसके मरीज निकलकर सामने आ रहे हैं। इस विषय पर सराभा नगर में प्राइवेट क्लीनिक चलाते डायबिटीज और ओबेसिटी में माहरत हासिल करने वाले एंडोक्रिनोलॉजिस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. परमिंदर सिंह से खास बातचीत की गई। जिसमें डॉ. परमिंदर सिंह ने कई अहम जानकारियां सांझी की।

**आखिर आपने डॉक्टरी पेशे को ही क्यों चूना था ?**

डॉक्टर बनना मेरा पैशन था, क्योंकि यह मुझे आसान लगता था। मेरे पिता इंडस्ट्रियलिस्ट थे, उनके कपड़े काले हो जाते थे। जिस कारण मुझे लगा कि डॉक्टरी लाइन में कपड़े साफ रहते हैं। वैसे भी शुरू से भगवान की किरपा मुझ पर रही है। मैं शुरू से ही काफी इंटेलिजेंट था। मैं 10वीं क्लास में जिले में टॉपर था। मे गावर्नमेंट स्कूल से ही पढ़ा हूं। फिर पीएमटी में क्लियर किया और पटियाला मेडिकल कॉलेज ज्वाइंन किया। स्कोर अच्छा था तो फिर एमडी मेडिसन में एडमिशन मिली। एमडी मेडिसन क्लियरेंस के बाद मैंने लुधियाना मोहनदई ओसवाल अस्पताल में ज्वाइंन किया। मैंने साल 1980 से लेकर 1993 तक लगातार पढ़ाई की।

**डायबिटीज और ओबेसिटी लाइन में ही क्यों फोक्स किया ?**

एमडी करने के बाद ध्यान आया कि अब सुपर स्पेशलिस्ट का जमाना आ रहा है। उस समय डायबिटीज और ओबेसिटी के लिए स्पेशलिस्ट नहीं था, जिसके चलते मेरा फोक्स इसी पर ज्यादा था। उस समय पूरे भारत में 10 सीटें ही होती थी, काफी डफ कंपीटिशन था। लेकिन मैंने कंपीटिशन में भाग लिया और सिलेक्ट हुए। फिर डीएम का कोर्स किया और वापिस डीएमसी अस्पताल ज्वाइंन किया।

**डायबिटीज का कितना प्रभाव पड़ रहा है ?**

डायबिटीज के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पूरे भारत में इसके सात करोड़ के करीब मरीज है। जबकि प्री-डायबिटीज के मरीज इससे भी ज्यादा है। प्री-डायबिटीज मरीज का मतलब डायबिटीज के रिस्क पर है, वे हार्ट अटैक के रिस्त पर भी है। इससे हार्ट प्रॉब्लम, नजर का जाना, ब्लाइंटनेस होनी, डायलिसिस और किडनी फेल यह इससे ही होती है। डायबिटीज भी दो टाइप की होती है। जिसमें टाइप-1 में बच्चे और टाइप-2 में एडल्ट होते हैं। टाइप-1 के मरीजों के लिए इंसुलिन जरुरी है, जबकि टाइप-2 मरीज दवाइयों से कंट्रोल हो जाते हैं। पहले इसे कंट्रोल करने की दवाइयां न होने के कारण हम हैंडीकैप महसूस करते थे। हम मरीज को खाना बंद करने की सलाह देते थे, तो वे मानते नहीं थे। अब दवाइयां आ गई है, तो बीमारी कंट्रोल में आसानी होती है। इसके अलावा थायराइड की समस्या भी बढ़ रही है, यह ज्यादा महिलाओं में होती है।

**कुछ लोग कहते हैं कि चीनी-गेहूं खाने से शुगर होती है, क्या यह सच है ?**

नहीं ऐसी कोई बात नहीं कि चीना और गेहूं से शुगर होती है। हमारे पास मरीज आकर कहते हैं कि गेहूं से शुगर हो गई है, लेकिन ऐसा नहीं है। इससे इफेक्ट होता है, लेकिन उसके भी कारण होते है। खाने में बदलाव और कम काम करना सबसे अहम कारण है। पुराने बुजुर्ग और हमें कंपैरिजन किया जाए तो काफी ज्यादा फर्क नजर आएगा। उनकी हेल्थ और डाइट अच्छी थी, वह साइकिल से एक गांव से दूसरे गांव जाते थे। हम लोग कार से नीचे नहीं उतरते। एक्सरसाइज का दौर खत्म हो गया। अगर कोई सैर करें तो लोग मजाक उड़ाते हैं कि क्या शुगर हो गई है। सभी को फिजिकल एक्टिविटी बढ़ानी चाहिए। तीन कॉसेप्ट बदलने की जरुरत है, जिसमें एक्सरसाइज, डाइट चेंज और स्विच ऑफ मॉडर्न लाइफ स्टाइल शामिल है।

**क्या डायबिटीज बढ़ने का कारण वेस्टर्न लाइफस्टाइल एक्सेप्ट करना है ?**

हां, मैं डायबिटीज और ओबिसिटी के दो मुख्य कारण मानता हूं। पहला फूड हैबिट को किल करना। हमने रोटी को परौठा, फिर नान और लच्छा परौठा में बदल दिया। साधारण सब्जी को दम आलू, आलू दो प्याजा समेत कई वैरायटी में बदल लिया। इसमें हम खाने में तेल और बाकी चीजों की बढ़ोतरी कर दी। लोग जब नीचे से ऊपर के ग्रुप में पहुंचते हैं तो खाने में बदलाव होता है। लेकिन इससे लोग गलत दिशा में जा रहे है। पुराने बुजुर्गो की डाइट प्योर और अच्छी होने के चलते वे हमसे ज्यादा सेहतमंद थे। हेल्थी खाना वहीं था, जो हम पहले गांवों में खाते थे। दूसरा कारण हमनें चलना बंद कर दिया, खासकर महिलाओं ने। कार में भी जाए तो जिस दुकान पर रुकना है, उसके बाहर जाकर गाड़ी रोकते हैं कि कहीं पैदल न चलना पड़े। सोने के समय में बदलाव किया।

**सोशल मीडिया पर कई कारण बताए जाते हैं, क्या वे सही होता हैं ?**

कई बार कई चीजें सही होती है, कई नहीं। गेहूं के आटे से शुगर होने की बात में सच्चाई नहीं है। जो पेशेंट्स ग्लूटेन सेंसटिव हैं, सिर्फ वहीं इसे अवॉयड करें। आम तौर पर लोग कहते हैं कि हम फ्रूट जूस पीते हैं, वह अच्छी चीज नहीं है। तीसरा अगर किसी को डायबिटीज हुई और फर्क पड़ने पर दवा बंद करना गलत है। डायबिटीज कभी ठीक नहीं होती, सिर्फ कंट्रोल हो जाती है। चौथा इंसुलिन लास्ट स्टेज है, ऐसा कुछ नहीं है। एडल्ट डायबिटीज में शुरूआत में दवाइयां लेते हैं। डायबिटीज प्रोग्रेसिव डिजीज है। इसमें इंसुलिन बनाने वाले सैल का कार्य कम होता जाता है। जब काम कम होता है तो डॉक्टर दवाइयां बढ़ाते हैं। फिर कई बार दवाइयां काम करना बंद करें, तो टीका लगाना पड़ता है। अगर यही टीका समय पर लगा लें, तो नुकसान नहीं होता। कई लोग टीके से बचने को गुर्दे तक फेल करवा लेते हैं। इस लिए इससे डरने की जरुरत नहीं है।

# भगवान जगन्नाथ का महास्नान उत्सव धूमधाम से संपन्न, गौरव बग्गा ने लिया आशीर्वाद



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। आगामी 16 जुलाई को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के उपलक्ष्य में भगवान जगन्नाथ मंदिर, श्री जगन्नाथ पुरम, चंद्र नगर में भगवान जगन्नाथ जी का प्राकट्य दिवस एवं महास्नान उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ के जयघोषों के बीच भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और सुदर्शन महाराज के विग्रहों को स्नान मंडप पर लाया गया, जहां पुरी परंपरा के अनुसार 108 पवित्र कलशों के जल से उनका महाभिषेक किया गया। समिति के राज अधिकारी सूरज ने बताया कि रथयात्रा से पहले ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ का देव स्नान उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष राशि अग्रवाल, पार्षद पुष्पिंद्र भनोट, पार्षद नरिंदर बिट्टू, जिला भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश मल्होत्रा, दविंदर भाटिया, अशोक धीर, श्री संकटमोचन बालाजी सेवा परिवार के वीरज विज, अविनाश सिक्का, आलोक भुइयां, प्रेम बत्रा, ममता बत्रा, संजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री जगन्नाथ संकीर्तन मंडल एवं आर.आर. सखी ग्रुप की रोजी शर्मा और दीपक उपाध्याय ने हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विक्रम भुइयां, अरुण परीजा, सतबीर लेंका, सचिन बेहरा, सुनील राऊतराय, अभय बेहरा, नकुल नायक, पूर्णचंद सवई, रंजन सेनापति, अजय जैना, सुशांत लेंका सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।




पेज 06 पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, जनहित के मुद्दे ...



हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए यात्रा

DR. RAJINDER SAHIL & FAMILY



आप भी बनिए इस सफर का हिस्सा!

हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली की अपनी ट्रैवल फोटो शेयर करें और जीतें आकर्षक लक्की गिफ्ट

GIFTING PARTNER

RUCHIN JEWELLERS


# पंजाब में कांग्रेस हाईकमान संगठन में कर सकती है बदलाव !

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। पंजाब विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही, राज्य में कांग्रेस संगठन में एक और बदलाव के दौर से गुजरती दिख रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य विजय इंदर सिंगला ने संकेत दिया है कि पार्टी आलाकमान अगले दो-तीन दिनों में पंजाब यूनिट के बारे में अहम फैसले ले सकता है। सिंगला का यह बयान राज्य के नेतृत्व में संभावित बदलावों, खासकर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के पद (जो अभी अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के पास है) को लेकर चल रही अटकलों के बीच आया है। नेतृत्व में बदलाव की खबरों पर सीधे टिप्पणी करने से बचते हुए, सिंगला ने मौजूदा नेतृत्व का पुरजोर बचाव किया। उन्होंने कहा, हमारे पास पहले से ही एक सम्मानित और मेहनती प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो पिछले साढ़े चार साल से संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। हमारे पास सीएलपी नेता भी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा नेतृत्व पार्टी को एकजुट करने के लिए लगन से काम कर रहा है।



## नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश

उनके बयान इसलिए अहम हैं क्योंकि कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले अलग-अलग गुटों को साथ लाने और एकजुट चेहरा पेश करने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। पंजाब यूनिट में पहले भी समय-समय पर गुटबाजी देखी गई है, और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा संगठन में किसी भी फेरबदल को निश्चित रूप से आंतरिक सत्ता समीकरणों के नजरिए से देखा जाएगा।

## अटकलें कम करने का प्रयास

अलग-अलग पदों को लेकर चल रही अटकलों को कम करने की कोशिश करते हुए, सिंगला ने जोर दिया कि एक बड़े राजनीतिक संगठन में चुनाव सामूहिक जिम्मेदारी का काम होता है। उन्होंने बताया कि पार्टी नियमित रूप से कई कमेटियां बनाती है - जैसे घोषणापत्र, प्रचार, चुनाव प्रबंधन और मीडिया कमेटियां - और अलग-अलग नेताओं को खास जिम्मेदारियां सौंपती है ताकि कामकाज ठीक से हो सके। उन्होंने कहा, अलग-अलग नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं ताकि संगठन चुनावों के लिए प्रभावी ढंग से काम कर सके।

## पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे निभाया जाएगा

जब उनसे उन खबरों के बारे में पूछा गया जिनमें उन्हें राज्य पार्टी प्रमुख के पद के संभावित दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है, तो सिंगला ने नपे-तुले अंदाज में कहा, मैं पार्टी का एक कार्यकर्ता हूं और पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपती है, उसे मैं पूरे मन से निभाता हूं। इस अनुभवी नेता ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस एकजुट है और आगामी चुनाव मिलकर लड़ेगी। श्पूरी कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए एकजुट है। हम आज साथ हैं और भविष्य में भी मिलकर काम करते रहेंगे। किसी भी समिति के किसी भी नेता को जो भी ज़िम्मेदारी सौंपी जाएगी, सभी मिलकर कांग्रेस सरकार को सत्ता में लाने के लिए काम करेंगे और लोगों की आवाज को सामने लाएंगे।

# घर में घुसकर प्रिंसिपल की बदमाशों ने की हत्या, हथियारबंदों ने बाप-बेटे को बंधक बना की वारदात

लुधियाना/यूटर्न/29 जून। गांव जंडियाली के एक घर में बदमाशों ने घुसकर प्रिंसिपल बाप और उसके बेटे को बंधक बना लिया।



जिसके बाद प्रिंसिपल से अर्धनग्न कर मारपीट की और गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। मृतक के बेटे ने पुलिस को यह बयान भी दिए हैं। पुलिस को मृतक की गर्दन पर कट का निशान मिला है। मृतक की पहचान इकबाल सिंह (50) के रूप में हुई है। इकबाल सिंह अपने घर में ही स्कूल चलाते थे। सूचना मिलते ही थाना जमालपुर की पुलिस और सीआईए स्टाफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। मृतक के बेटे युवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि रविवार देर रात 2 व्यक्ति उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले उसे और उसके पिता को बंधक बना लिया और फिर दोनों के साथ मारपीट की। युवी का आरोप है कि हमलावरों ने उसके पिता पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई।

## पेशे से वकील थे इकबाल सिंह

युवी ने बताया कि उसके पिता इकबाल सिंह पेशे से वकील थे और अपने मकान में ही स्कूल चलाते थे। जहां 8वीं कक्षा तक पढ़ाई करवाई जाती है। घटना के बाद युवी ने शोर मचाया, जिसके बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## पत्नी परीक्षा देने गई थी भोपाल

वहीं अभी मामला शक बताया जा रहा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। जांच में पता चला है कि मृतक की पत्नी वकालत की परीक्षा देने के लिए भोपाल गई हुई हैं। उन्हें घटना के बारे में बताया गया है। उनके आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# इथेनॉल पर उठे सवाल, बर्निरहाट का प्रदूषण बना चिंता का कारण

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कई सालों से भारत में इथेनॉल के सबसे बड़े समर्थक रहे हैं। उन्होंने बार-बार इथेनॉल को ग्रीन, प्रदूषण कम करने वाला ईंधन बताया है, जो कच्चे तेल के आयात को कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और किसानों की आय बढ़ाने में सक्षम है। उनकी देखरेख में, इथेनॉल ब्लेंडिंग भारत की ऊर्जा बदलाव की रणनीति का एक अहम हिस्सा बन गई है। फिर भी, जैसे-जैसे भारत इथेनॉल ब्लेंडिंग के ऊंचे लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, बर्निरहाट के निवासियों का अनुभव - जिसे हाल ही में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरी इलाकों में गिना गया है - परेशान करने वाले सवाल खड़े करता है: क्या किसी ईंधन को 'ग्रीन' कहा जा सकता है अगर उसे बनाने की प्रक्रिया से वहां रहने वाले लोग प्रदूषण से जूझने को मजबूर हों?

## बीमारियों में हुआ इजाफा

यूट्यूबर सार्थक गोस्वामी की एक हालिया



डॉक्यूमेंट्री, जिसे ऑटोमोटिव पोर्टल उं१ ३ङ्क० ने दिखाया है, ने असम-मेघालय सीमा पर स्थित इस औद्योगिक शहर की ओर देश का ध्यान खींचा है। डॉक्यूमेंट्री में निवासियों की शिकायतें दिखाई गई हैं - जैसे घना धुआं, घरों और पेड़-पौधों पर जमी काली कालिख और इथेनॉल बनाने वाली इकाइयों समेत औद्योगिक सुविधाओं के आसपास के इलाकों में सांस की बीमारियों का बढ़ना। ये आरोप गंभीर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में औद्योगिक इकाइयों के विस्तार के बाद से प्रदूषण काफी बढ़ गया है। वे सांस लेने में दिक्कत, त्वचा की समस्याओं और खेती की पैदावार में कमी की बात करते हैं। डॉक्यूमेंट्री में बताए गए सरकारी स्वास्थ्य आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2024 के बीच इस इलाके में सांस की बीमारियों के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## इथेनॉल प्लांट समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार नहीं

हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि किसी भी वैज्ञानिक अध्ययन ने पक्के तौर पर यह साबित नहीं किया है कि कोई खास इथेनॉल प्लांट सीधे तौर पर इन स्वास्थ्य समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार है। बर्निरहाट में कई तरह के उद्योग हैं, जिनमें सीमेंट फैक्ट्रियां, डिस्टिलरी और अन्य मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां शामिल हैं, इसलिए विस्तृत जांच के बिना प्रदूषण के लिए किसी एक स्रोत को ज़िम्मेदार ठहराना मुश्किल है।

# मामूली बात पर हुआ खूनी संघर्ष, घर में घुसकर बाप-बेटे पर सरियों से हमला

लुधियाना/यूटर्न/29 जून। गुरदासपुर के मोहल्ला संगलपुरा में पानी की निकासी और गली में गंदगी फैलाने को लेकर हुआ महिलाओं का मामूली विवाद पांच दिन बाद खूनी रंजिश में बदल गया। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे हमलावरों ने एक घर में घुसकर बाप और उनके 17 वर्षीय नाबालिग बेटे पर लोहे के सरियों और हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने घर के गेट तोड़ डाले और परिवार को बेरहमी से पीटने के बाद गली में घसीटा। हमले की पूरी वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और अपनी जान का खतरा बताते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित नवीन कुमार ने बताया कि करीब 4-5 दिन पहले महिलाओं के बीच पानी को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी पक्ष ने बीती रात साढ़े नौ बजे हमला बोल दिया। नवीन ने बताया कि जब वे दुकान से लौट रहे थे, तो आरोपी पड़ोसी महिला ने अपने भाई और उसके साथ आए कुछ कथित गुंडा तत्वों के साथ मिलकर हमला कर दिया।

# सोने की कीमत अपने सबसे ऊंचे स्तर से लगभग 50,000 गिर गई है। क्या कीमतें और गिरेंगी ?

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। सोने की जबरदस्त तेजी अब उल्टी दिशा में चल पड़ी है। इस साल की शुरूआत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 10 ग्राम सोने की कीमत 1,92,991 के अब तक के सबसे ऊंचे इंट्राडे स्तर पर पहुंचने के बाद, अब यह कीमती धातु लगभग 1,43,610 पर ट्रेड कर रही है। यानी इसकी कीमत में लगभग 49,400 की कमी आई है, जो कि लगभग 26% की गिरावट है। इस भारी गिरावट ने निवेशकों और गहने खरीदने वालों के मन में यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कीमतें और गिर सकती हैं।

इस साल की शुरूआत में सोने की कीमतों में उछाल आया था



क्योंकि जियोपॉलिटिकल तनाव, ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ को लेकर चिंता और प्रमुख सेंट्रल बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन एसेट्स) की ओर आकर्षित हुए थे। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, सेंट्रल बैंकों की खरीदारी और कमजोर अमेरिकी डॉलर ने भी इस तेजी को बढ़ावा दिया था।

## कीमतें क्यों गिर रही हैं?

इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर बदलता नजरिया है। बाजार को अब उम्मीद है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रखेगा; ट्रेडर्स इस साल तीन बार और दिसंबर में एक और बार ब्याज दरें बढ़ने की संभावना मानकर चल रहे हैं। ऊंची ब्याज दरों से सोने का आकर्षण कम हो जाता है, क्योंकि इससे कोई इनकम नहीं होती, जिससे निवेशक ब्याज देने वाली संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर ने भी दबाव बढ़ाया है क्योंकि इससे विदेशी खरीदारों के लिए सोना महंगा हो गया है।

## क्या कीमतें और गिरेंगी?

एक्सिस सिक्योरिटीज के अनुसार, हाल ही में अमेरिकी महंगाई के आंकड़े उम्मीद के मुताबिक आने के बाद सोने में थोड़ी रिकवरी हुई, लेकिन फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और मजबूत डॉलर के कारण यह दबाव में बना हुआ है। ऑगमोंट में रिसर्च हेड डॉ. रेनिशा चैनानी ने कहा कि महंगाई का लक्ष्य से ऊपर बने रहना और ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की उम्मीदें सोने के लिए बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। महीनों तक रिकॉर्ड-ऊंची कीमतों के बाद इस गिरावट ने गहने खरीदने वालों को राहत दी है।

# हेरोइन सहित 2 सगे भाई गिरफ्तार, ड्रग मनी भी बरामद, पुलिस को देख फेंकने लगे लिफाफा




पंजाब/यूटर्न/29 जून। तारागढ़ पुलिस ने सोमवार को गश्त के दौरान न्यू परमानंद श्मशान घाट के पास से दो संदिग्ध युवकों को काबू कर उनके कब्जे से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद की है। पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई बताए जा रहे हैं और अमृतसर जिले के गांव भोआ फतेहगढ़ के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार एएसआई सुरिंदर सिंह के नेतृत्व में तारागढ़ पुलिस की टीम गांव ह्यनवां परमानंदह्य की ओर गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान जब पुलिस पार्टी श्मशान घाट के सामने पहुंची, तो वहां दो युवक खड़े दिखाई दिए। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से नशा और नकदी बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संदीप सिंह और आकाशदीप सिंह के रूप में हुई है।

### पुलिस को देख फेंकने लगे लिफाफा

पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, पुलिस पार्टी को अपनी ओर आता देख आरोपियों में से एक संदीप सिंह ने घबराहट में अपनी पैंट की दाईं जेब से एक प्लास्टिक का लिफाफा निकालकर जमीन पर फेंक दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को मौके पर ही घेरकर काबू कर लिया। इसके बाद जमीन पर फेंके गए लिफाफे को कब्जे में लेकर ह्यनारकोटिक्स ड्रग्स डिटेक्शन किटह्य से जांच की गई, जिसमें से 25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### तलाशी लेने पर बरामद हुई ड्रग मनी

पुलिस के मुताबिक आरोपी संदीप सिंह की पैंट की जेब की तलाशी लेने पर 1,040 रुपए की ड्रग मनी भी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी यह हेरोइन कहां से लेकर आए थे और इसे किसे सप्लाई करने की योजना थी।

# पड़ोसियों की धमकियों से परेशान युवक ने दी जान, नामी वकील सहित चार लोगों पर मामला दर्ज

पंजाब/यूटर्न/29 जून। पठानकोट के गांधी मोहल्ला में पड़ोसियों की धमकियों और अदालती विवाद से तंग आकर 32 वर्षीय एक अविवाहित युवक ने जहरीली चीज खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक की मां के बयानों के आधार पर शहर के नामी वकील सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। परिवार का आरोप है कि मृतक लखन धमकियों और उस पर दर्ज मामले को लेकर डिप्रैशन में था। जिसके चलते रविवार को वह जहरीली वस्तु खाकर घर गया और परिवार के सामने जाकर होश खो बैठा। परिवार उसे लेकर 2



अस्पतालों में गया। लेकिन, उसकी जान नहीं बच पाई। जिसके चलते परिवार ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धमकियों के बाद खाया जहर

शिकायतकर्ता के अनुसार बीती शाम करीब 7:30 बजे लखन घर आया। उसने परिवार को बताया कि गांधी मोहल्ला के रहने वाले गीता मलिक, निशा, उनके वकील और एक अन्य व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोककर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी हैं। परिवार के मुताबिक धमकियों से घबराकर लखन अत्यधिक डिप्रेशन में आ गया और कुछ ही देर बाद अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ा।

मृतक की मां इंदु ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे लखन ने उक्त चारों आरोपियों द्वारा दी गई धमकियों और प्रताड़ना से दुखी होकर ही कोई जहरीली चीज खाई।

## पुरानी रंजिश और मुकद्दमे से परेशान था लखन

मृतक लखन की मां इंदु निवासी गांधी मोहल्ला ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि उनके चार बच्चे हैं। उसके मोहल्ले की रहने वाली निशा ने उनके, उनके पति राज कुमार, लड़के लखन, भतीजे सुरिंदर और भतीजे की पत्नी पूजा के खिलाफ पहले से ही थाना डिवीजन नंबर 2 में एक मामला दर्ज करवा रखा था। इस कानूनी पचड़े के कारण उनका बेटा लखन काफी समय से मानसिक रूप से परेशान और डिप्रेशन में रह रहा था।

# पुलिस ने गुरिंदर औजला को कोर्ट में किया पेश, 3 दिन का रिमांड मिला



जालंधर/यूटर्न/29 जून। पंजाब के बहुचर्चित अजनाला थाना हमला मामले में गोइंडवाल जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत बंद गुरिंदर पाल सिंह औजला को सोमवार देहात पुलिस ने कड़े सुरक्षा पहरे में जालंधर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने वर्ष 2023 में दर्ज एफआईआर नंबर 25 में आर्म्स एक्ट की धाराएं जोड़ते हुए गुरिंदर पाल सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। कोर्ट में पुलिस द्वारा आरोपी का 5 दिन का रिमांड मांगा गया था, लेकिन माननीय जज अर्जुन संधू की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पुलिस को 3 दिन का रिमांड मंजूर किया है। मिली जानकारी के अनुसार, अमृतसर के अजनाला थाने पर हुए हिंसक हमले के मामले में वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके गनमैन गुरमीत सिंह बुक्कनवाला सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी कड़ी में आज जालंधर देहात पुलिस गोइंडवाल जेल से गुरिंदर पाल सिंह औजला को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर माननीय जज अर्जुन संधू की अदालत में पहुंची।

# सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी ने शुक्राना समागम करवाया



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। सचखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी की ओर से दमोरिया पुल स्थित गुरुद्वारा खालसा स्त्रीदल शहीदां में शुक्राना समागम करवाया गया। समागम में संगत ने श्री सुखमनी साहिब का पाठ संगती रूप में किया। उसके बाद संगत ने कीर्तन किया। कमेटी के मुख्य सेवादार कुलदीप सिंह दीपा ने बताया कि यह समागम शहीदों के सिरताज श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व के संबंध में निकाले गए नगर कीर्तन की चढ़दी कला सम्पूर्ण होने पर करवाया गया। उन्होंने बताया कि तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़, तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब और गुरुद्वारा थोबड़ी साहिब आसाम की यात्रा के लिए बुकिंग की आखरी तिथि 20 नवंबर तक है। समागम में जगजीत सिंह अरोड़ा, वरिंदरदीप सिंह, लक्खा सिंह, सुखवीर सिंह, कशमीर सिंह, सर्बदीप सिंह सोनी, गुलशन सिंह, नरिंदर सिंह, सोहन सिंह, परमजीत सिंह, चरनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुरिंदर कुमार, अरविंदर सिंह, अनूप सिंह, गुरमीत कौर, प्रितपाल कौर, दलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 किरायेदार बनकर 14.13 लाख की साइबर ठगी....

# चंडीगढ़ को नशा मुक्त बनाने के लिए NHRACF की रणनीतिक बैठक, शहरव्यापी जागरूकता अभियान चलाने का ऐलान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार विरोधी फोर्स की चंडीगढ़ इकाई की एक रणनीतिक बैठक सोमवार को सेक्टर-17ए स्थित होटल ऑयस्टर में अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चंडीगढ़ में बढ़ती नशे की समस्या पर चिंता जताते हुए शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कहा गया कि यह अभियान पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के नशा मुक्त समाज के आह्वान से प्रेरित है। हाल ही में नगर निगम के विशेष सत्र में प्रशासक ने पार्षदों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से नशे के खिलाफ सामूहिक अभियान चलाने की अपील की थी।

बैठक को संबोधित करते हुए ठल्फक्षउत्र चंडीगढ़ के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने ह्नशे को ना कहें, चंडीगढ़ को नशा मुक्त बनाएंह्न अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर असर डालता है। संगठन का



उद्देश्य बच्चों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करना है। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने चंडीगढ़ को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

संगठन के चेयरमैन अनिल वोहरा और अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने बताया कि NHRACF जल्द ही शहरभर में नशा विरोधी और भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी संगठन बाजारों, ट्रैफिक लाइटों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृत्ति विरोधी जागरूकता अभियान चला चुका है, जिसमें लोगों से भिखारियों को नकद राशि न देने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई थी।

बैठक का समापन सरकारी एजेंसियों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

# थार का शीशा तोड़ डेढ़ लाख रुपये चोरी, पुलिस पर देरी से पहुंचने के आरोप

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। अंबाला हाईवे पर एक मोबाइल शॉप के बाहर खड़ी थार गाड़ी का शीशा तोड़कर बदमाश डेढ़ लाख रुपये नकद, एटीएम कार्ड और चेकबुक चोरी कर फरार हो गए।



वारदात के बाद पीड़ित दुकानदार हरप्रीत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब एक साल पहले जीरकपुर में मोबाइल की दुकान खोली थी। यह उनके साथ दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले उनकी दुकान में भी चोरी हुई थी। उनका आरोप है कि उस मामले में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए उन्हें करीब तीन महीने तक थाने के चक्कर लगाने पड़े थे। पीड़ित का आरोप है कि ताजा वारदात की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि मौके पर आए कुछ पुलिसकर्मियों ने शराब पी रखी थी और मदद करने की बजाय उनके साथ बदसलूकी की। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों का कहना है कि रात के समय पर्याप्त पुलिस गश्त नहीं होती, जिसका फायदा बदमाश उठा रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बाजारों में असुरक्षा का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। व्यापारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, पुलिसकर्मियों पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच और जीरकपुर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# भाजपा में खुली बगावत! अपने ही प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मैदान में उतरे कुलजीत संधू, निगम सदन से उठाई इस्तीफे की मांग






अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। चंडीगढ़ भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के कथित विवादित बयान का विवाद अब पार्टी के भीतर खुली बगावत का रूप लेता दिखाई दे रहा है। नगर निगम की मासिक बैठक में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब भाजपा के वरिष्ठ पार्षद कुलजीत सिंह संधू ने ऑस्ट्रेलिया से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल होकर अपनी ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से जेपी मल्होत्रा से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग कर दी।

संधू ने अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भावनाओं का सम्मान करना भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है। ऐसे मामलों में केवल सफाई या माफी नहीं, बल्कि जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

यह पहली बार नहीं है जब संधू ने इस मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व का विरोध किया हो। इससे पहले भी उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से वीडियो संदेश जारी कर जेपी मल्होत्रा के बयान पर कड़ी नाराजगी जताई थी और सार्वजनिक माफी की मांग की थी। हालांकि, अब उन्होंने अपना रुख और सख्त करते हुए सीधे इस्तीफे की मांग उठा दी है।

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद द्वारा सार्वजनिक मंच से प्रदेश अध्यक्ष पर सवाल उठाए जाने के बाद पार्टी के भीतर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक जानकार इसे भाजपा की अंदरूनी असहमति के खुलकर सामने आने के रूप में देख रहे हैं।

उधर, नगर निगम सदन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। विपक्षी पार्षदों ने जेपी मल्होत्रा को घेरते हुए भाजपा से जवाब मांगा और विवादित बयान को लेकर सरकार पर निशाना साधा। अब इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों की नजरें जेपी मल्होत्रा की अगली प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व अपने ही वरिष्ठ पार्षद की इस खुली नाराजगी से कैसे निपटता है। निगम सदन में उठा यह विवाद अब चंडीगढ़ भाजपा की अंदरूनी राजनीति का बड़ा मुद्दा बन गया है।

# अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु 80 लोगों ने एनऐसी मार्केट में किया रक्तदान



चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। भीष्म गर्मी की वजह से अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतू डक्टुरस रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला एवं ब्लड बैंक, श्री गुरु हरकिशन चैरिटेबल हास्पिटल सोहाना के सहयोग से एनएसी मार्केट मनीमाजरा में मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन डक्टुरस रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर जलेश कुमार ग्रोवर के कर कमलों द्वारा किया गया और उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। उन्होंने कर्मचारियों का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान शिविर में गौरव द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर भीषण गर्मी में मीठे शरबत की छबील एवं चने हलवे का प्रसाद भी वितरित किया गया। सैकड़ो की संख्या में राहगीरों में प्रसाद ग्रहण किया। श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि आजकल भीषण गर्मी की वजह से लगभग सभी अस्पतालों में रक्त एवं रक्त कंपोनेंट्स की बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है।

# छावनी मोहल्ला में सनातन भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास 1 जुलाई को





लुधियाना/यूटर्न/29 जून। विधानसभा उत्तरी स्थित छावनी मोहल्ला में सनातन भवन के निर्माण का शिलान्यास एक जुलाई को रखा जाएगा। विधायक चौ. मदन लाल बग्गा के प्रयासो से चांद सिनेमा के सामने, छावनी मोहल्ला पैट्रोल पंप के समीप आयोजित होने वाले भव्य समारोह में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सनातन भवन की आधारशिला रखी जाएगी। एक जुलाई दिन बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस दौरान दंडी स्वामी मंदिर के सेवक पंडित राज कुमार के सान्धिय मे वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार नींव पूजन, भूमि पूजन, हवन तथा हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया, पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डिप्टी कमिश्नर लुधियाना हिमांशु जैन और नगर निगम कमिश्नर औजस्वी अलंकार भी उपस्थिति रहेंगे। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और सेवा के इस अभियान का हिस्सा बनें।

# कानूनी वीजा का झांसा, डंकी रूट से अमेरिका भेजी महिला 60 लाख गंवाए, एक साल डिटेंशन सेंटर में रही

अजीत झा

मोहाली। अमेरिका में बीमार मां की देखभाल करने का सपना एक महिला के लिए दर्दनाक अनुभव बन गया। मोहाली की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि इमिग्रेशन एजेंट ने उसे कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का भरोसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए, लेकिन वादा निभाने के बजाय उसे खतरनाक ह्यडंकी रूटह्व के जरिए सीमा पार करवाने की कोशिश की। नतीजा यह हुआ कि अमेरिकी बॉर्डर पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और करीब एक साल तक इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में रहना पड़ा। भारत लौटने के बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

फेज-3बी2 निवासी मंदीप कौर ने पुलिस को बताया कि उनकी मां अमेरिका में रहती हैं और गंभीर रूप से बीमार थीं। मां की देखभाल के लिए उन्होंने अमेरिका जाने की कोशिश की, लेकिन उनका वीजा आवेदन खारिज हो गया। इसी दौरान उनकी मुलाकात खरड़ निवासी प्रदीप सिंह से हुई, जिसने खुद को सेक्टर-17 स्थित




एक इमिग्रेशन फर्म से जुड़ा बताते हुए कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का दावा किया।

शिकायत के मुताबिक, पहले एजेंट ने 35 लाख रुपये में मेक्सिको के रास्ते अमेरिका पहुंचाने की बात कही, लेकिन बाद में वीजा संबंधी दिक्कतों का हवाला देकर रकम बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी। 15 नवंबर 2024 को महिला ने एजेंट के घर जाकर 45 लाख रुपये नकद दे दिए। अगले दिन उसे स्पेन सहित अन्य देशों के रास्ते की फ्लाइट टिकट थमा दी गई। जब महिला ने अलग रूट को लेकर सवाल किया तो एजेंट ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और वैध प्रक्रिया का हिस्सा बताया। महिला का आरोप है कि विदेश पहुंचने के बाद उसे कानूनी प्रक्रिया के बजाय अवैध ह्यडंकी रूटह्व से अमेरिका में प्रवेश कराने की कोशिश की गई। सैन डिएगो-टिजुआना सीमा के पास अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद वह लगभग एक वर्ष तक इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में रही और बाद में उसे भारत निर्वासित कर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि एजेंट को दिए गए 45 लाख रुपये के अलावा विदेश यात्रा, कानूनी प्रक्रिया और डिटेंशन के दौरान करीब 15 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च हुए। इस तरह उसे कुल 60 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मामले की जांच डीएसपी स्पेशल ब्रांच एवं क्रिमिनल इंटेलिजेंस, एसएएस नगर ने की। जांच में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने महिला को कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का झूठा भरोसा दिया, जबकि वास्तव में उसे स्पेन और मेक्सिको के रास्ते अवैध मार्ग से भेजा गया, जिसके चलते उसे अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### कठिन परिस्थितियों में सकारात्मकता ही असली दवा साबित होती है

जीवन में हर किसी को कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कभी आर्थिक समस्याएँ होती हैं, कभी रिश्तों में उतार-चढ़ाव आते हैं और कभी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें सामने आती हैं। इन परिस्थितियों में व्यक्ति का धैर्य और सोचने का दृष्टिकोण ही उसे आगे बढ़ने में मदद करता है। सकारात्मक सोच न केवल हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाती है बल्कि कठिन समय को अवसर में बदलने की शक्ति भी देती है। सकारात्मकता का अर्थ केवल समस्याओं को नजरअंदाज करना नहीं है, बल्कि उन्हें स्वीकार कर उनके समाधान की दिशा में प्रयास करना है। जैसे अंधेरी रात के बाद सुबह होती है, वैसे ही कठिनाइयों के बाद जीवन में नए अवसर आते हैं। सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हर परिस्थिति में सीख खोजता है और हार मानने के बजाय आगे बढ़ने का रास्ता चुनता है। हमारे विचार ही हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं। अगर हम कठिन समय में भी उम्मीद बनाए रखें, तो आत्मविश्वास और साहस स्वत: हमारे साथ रहते हैं।

सकारात्मकता से न केवल हमें सफलता मिलती है बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनने का अवसर मिलता है। इसीलिए कहा जाता है ह्र हर तूफान के बाद इंद्रधनुष जरूर दिखाई देता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### क्या Husband पत्नी को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है ?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

विवाह के बाद कई परिवारों में यह विवाद सामने आता है कि क्या पति अपनी पत्नी को नौकरी छोड़ने के लिए कह सकता है या उस पर दबाव डाल सकता है। भारतीय कानून के अनुसार, प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को अपनी पसंद का व्यवसाय, नौकरी या पेशा चुनने का अधिकार प्राप्त है। विवाह के बाद भी यह अधिकार समाप्त नहीं होता। यदि पत्नी नौकरी करना चाहती है, तो केवल पति की इच्छा के आधार पर उसे नौकरी छोड़ने के लिए कानूनी रूप से मजबूर नहीं किया जा सकता। हालांकि, यदि पति-पत्नी आपसी सहमति से परिवार, बच्चों या अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कोई निर्णय लेते हैं, तो यह अलग बात है। लेकिन ऐसा निर्णय स्वेच्छा से होना चाहिए, दबाव या धमकी के आधार पर नहीं। यदि किसी महिला पर लगातार नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जाए, उसकी आय पर पूरा नियंत्रण रखा जाए या आर्थिक रूप से उसे निर्भर बनाने का प्रयास किया जाए, तो ऐसी परिस्थितियों को अदालत मामले के तथ्यों के अनुसार अलग दृष्टि से देख सकती है। कई बार वैवाहिक विवादों में यह प्रश्न भी उठता है कि क्या नौकरी छोड़ने के कारण पत्नी की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। ऐसे तथ्य Maintenance या अन्य राहत तय करते समय भी प्रासंगिक हो सकते हैं। कई लोग यह मान लेते हैं कि विवाह के बाद पत्नी के करियर का अंतिम निर्णय पति करेगा, जबकि कानून दोनों को समान अधिकार और सम्मान देता है।

निष्कर्ष: पति पत्नी को कानूनी रूप से नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। करियर और रोजगार से जुड़े निर्णय आपसी सहमति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आधार पर होने चाहिए।

# जीरकपुर हादसे में घायल रूपेश की पीजीआई में मौत

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। पटियाला लाइट प्वाइंट के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने आठ दिन बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रूपेश कुमार निवासी फेज-11, मोहाली के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के भाई उमेश कुमार के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में उमेश कुमार ने बताया कि 20 जून की रात करीब 11:45 बजे रूपेश कुमार अपनी मोटरसाइकिल नंबर ढ्ड-65-इऊ-4909 पर जीरकपुर से मोहाली लौट रहे थे। पटियाला लाइट प्वाइंट से थोड़ा आगे अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में रूपेश के सिर में गंभीर चोट लगी। राहगीरों ने उन्हें पहले जीपी अस्पताल, जीरकपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ और बाद में पीजीआई रेफर कर दिया गया।

# दिल्ली समारोह में नितिन मुकेश परिवार से मिले लुधियाना के कारोबारी



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रसिद्ध गायक नितिन मुकेश, अभिनेता नील नितिन मुकेश और नमन नितिन मुकेश की मौजूदगी खास आकर्षण रही। इस दौरान लुधियाना के प्रमुख कारोबारी प्रवीण कोरपाल डीमार्क, मुकेश गांधी लाविटा, एम्माडो फैशन के जतिंदर कुमार अग्रवाल, सुरेश सेठ सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह में संगीत, फिल्म और व्यापार जगत से जुड़े लोगों ने आपसी मुलाकात कर सामाजिक व सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा की। लुधियाना के कारोबारियों ने इस मुलाकात को यादगार बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कला और व्यापार जगत के रिश्तों को मजबूत करते हैं।

# लुधियाना भाजपा में 'कांग्रेसीकरण' की चर्चा तेज, सीएम सैनी के दौरे ने खोली अंदरूनी खींचतान की परतें

**शिवपुरी कार्यक्रम रद्द, सतलुज क्लब में कई पदाधिकारी रहे बाहर**





फाईल फोटो : सीएम सैनी को 28 जून दोपहर 1:30 बजे के धार्मिक समागम निमंत्रण देते भाजपा विधानसभा उतरी से भाजपा के दावेदार महेश दत शर्मा एवं उनके साथी

लुधियाना, 29 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का रविवार को लुधियाना दौरा शहर की भाजपा राजनीति में नई चर्चा छोड़ गया। सीएम सैनी के दौरे के बाद भाजपा के भीतर टिकट, जिला प्रधानगी और स्थानीय प्रभाव को लेकर चल रही खींचतान फिर चर्चा में आ गई है। राजनीतिक हलकों में इसे लुधियाना भाजपा का ह्यकांग्रेसीकरणह्ण तक कहा जा रहा है, जबकि पार्टी के भीतर भी कई नेता पूरे घटनाक्रम को लेकर असहज नजर आ रहे हैं।

पहला विवाद शिवपुरी के टूटियां वाला मंदिर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उठा। भाजपा उत्तरी से दावेदारी मजबूत कर रहे महेश दत्त शर्मा की ओर से नौजवान ब्राह्मण सभा का कार्यक्रम रखा गया था। चर्चा है कि यह कार्यक्रम आखिरी समय पर यह कहकर रद्द किया गया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का दिल्ली दौरा है। लेकिन उसी दिन सीएम सैनी लुधियाना में मौजूद रहे। इसके बाद स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे कि जब मुख्यमंत्री शहर में थे, तो शिवपुरी का निर्धारित कार्यक्रम क्यों नहीं हुआ और किसके कहने पर उसे रद्द करवाया गया।

इसके बाद दूसरा मामला सतलुज क्लब की ब्रेकफास्ट मीटिंग से जुड़ गया। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता सुखमिंदर बिंद्रा के विशेष निमंत्रण पर सीएम सैनी सतलुज क्लब पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान जिला भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी और खुद को संगठन का प्रमुख चेहरा बताने वाले नेता मीटिंग में शामिल नहीं हो पाए। सूत्रों के अनुसार कुछ प्रमुख नेताओं ने बार-बार अपना परिचय और पद बताया, लेकिन सिक्योरिटी इश्यू का हवाला देकर उन्हें एंट्री नहीं दी गई। कई नेताओं को ब्रेकफास्ट मीटिंग समाप्त होने तक बाहर इंतजार करना पड़ा।

कार्यकर्ताओं में चर्चा रही कि संभव है कांग्रेस से भाजपा में आए बिंद्रा की टीम की ओर से जिला भाजपा के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के नाम सिक्योरिटी सूची में दर्ज न करवाए गए हों। हालांकि कई कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब सामने से जिला स्तर के प्रमुख नेता मौजूद थे, तो उन्हें पहचान के आधार पर एंट्री दी जा सकती थी। वहीं ब्रेकफास्ट टेबल पर कुछ ऐसे चेहरों की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठे, जिनकी उपस्थिति को लेकर पार्टी के भीतर अलग-अलग चचाएं होती रहीं।

इस पूरे घटनाक्रम ने लुधियाना भाजपा की अंदरूनी राजनीति को गर्म कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह केवल सुरक्षा प्रोटोकॉल का मामला था या फिर स्थानीय स्तर पर चल रही गुटबाजी अब बड़े नेताओं के कार्यक्रमों तक असर दिखाने लगी है। पार्टी में टिकट दावेदारों, जिला प्रधानगी के दावेदारों और अलग-अलग गुटों के बीच शक्ति प्रदर्शन की होड़ की चर्चा पहले से चल रही है।

ऐसे में सीएम दौरे के दौरान बने हालात ने इन चचाओं को और हवा दे दी है।

## सीएम के शेड्यूल में केवल दो कार्यक्रम थे, स्थानीय नेता गुमराह कर रहेः टिक्का

इस पूरे मामले पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमरजीत टिक्का ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के लुधियाना दौरे के आधिकारिक शेड्यूल में केवल दो कार्यक्रम थे। टिक्का ने कहा, 'कुछ स्थानीय भाजपा नेता यह कहकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि सीएम सैनी ने उनका कार्यक्रम आखिरी समय पर रद्द कर दिया। वास्तविकता यह है कि ऐसे कार्यक्रम उनके आधिकारिक शेड्यूल में थे ही नहीं।'

टिक्का ने दावा किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रविवार के लुधियाना दौरे का शेड्यूल भी साझा किया है। उनके इस बयान के बाद शिवपुरी कार्यक्रम को लेकर उठे सवालों को नया मोड़ मिल गया है। अब शहर में चर्चा यही है कि लुधियाना भाजपा में यह केवल मिसकम्युनिकेशन है या अंदरूनी खींचतान का नया अध्याय। सीएम दौरे ने संगठन की ताकत दिखाने की जगह स्थानीय भाजपा की दरारों को चर्चा में ला दिया है।

# गौ सेवा मिशन पंजाब ने गौ सेवा आयोग उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर उठे धार्मिक विवाद के बाद पंजाब में बने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए गौ सेवा मिशन पंजाब के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद महाराज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष कीमती भगत को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बाबा सुध सिंह जी तथा गौ सेवा मिशन लुधियाना के अध्यक्ष बिट्टू गुंबर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वामी कृष्णानंद महाराज जी ने कहा कि कुछ शरारती तत्व हिंदू और सिख धर्म की आस्था एवं मान्यताओं के विरुद्ध भड़काऊ बयानबाजी कर पंजाब के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग दोनों समुदायों के बीच भाईचारे में दरार डालने की साजिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने पंजाबवासियों से अपील की कि हिंदू-सिख एकता और भाईचारे को कमजोर करने वाले ऐसे शरारती तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करें। साथ ही पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की कि किसी भी धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध बिना भेदभाव के सख्त कानूनी कार्रवाई की।

# पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड कैंप, लोगों को मिली बड़ी राहत



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री सिद्ध पीठ दंडी स्वामी मंदिर के बाहर पोस्ट ऑफिस सिटी डिवीजन की ओर से आधार कार्ड सेवा शिविर (कैंप) का आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नए आधार कार्ड बनवाने, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक संशोधन (करेक्शन) संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर श्री सिद्ध पीठ दंडी स्वामी मंदिर के पंडित राज कुमार शर्मा, ललित शर्मा, कपिल, रेखा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# युद्ध नशे विरुद्धः लुधियाना देहाती पुलिस की कार्रवाई, चार गिरफ्तार, पर्चा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/29 जून। नशों के खात्मे के लिए चलाई गई मुहिम के तहत लुधियाना देहाती पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों के साथ चार व्यक्तियों को काबू किया है। इनमें से दो के पास से हेरोइन और एक के पास से नशीली गोलियां बरामद हुई हैं, जबकि एक व्यक्ति नशा करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न मुकदमों का विवरण इस प्रकार है:

1.हेरोइन के साथ काबू: थाना सदर जगराओं की पुलिस ने अस्क कुलदीप सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान राहुलदीप सिंह उर्फ राहुल (पुत्र साधू सिंह, निवासी गांव शेरपुर कलां) को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। 2.हेरोइन के साथ काबू: इसी थाने के अस्कमनजीत सिंह की पुलिस पार्टी ने सुखदीप सिंह उर्फ सुक्खा (पुत्र प्यारा सिंह, निवासी कोठा धोना, थाना सदर जगराओं) को काबू कर उसके पास से 08 ग्राम हेरोइन बरामद की है।




3.नशीली गोलियों के साथ काबू: थाना सिधवां बेट की पुलिस द्वारा ल्उ वरिंदर कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आज्ञापाल सिंह (पुत्र रूप सिंह, निवासी कुंदती) को 09 नशीली गोलियां बेचते हुए काबू किया गया।

4.नशा करते हुए काबू: थाना सुधार की पुलिस ने रक्साहिबमीत सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान सुरिंदर सिंह उर्फ भोला (पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी न्यू आबादी अकाल गढ़, थाना सुधार) को नहर के पुल के पास नशा करते हुए रंगे हाथों काबू किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस (ठ्उढ़) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत संबंधित थानों में मामले दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि इलाके में नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# आवारा कुत्ते ने घर में घुसकर व्यक्ति को बुरी तरह काटा, हालत गंभीर

नकोदर/यूटर्न/29 जून। जालंधर के अंतर्गत आते नूरमहल के मोहल्ला भलोवाल में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहाँ एक आवारा कुत्ते ने एक घर के भीतर घुसकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है, जहाँ नकोदर के सरकारी अस्पताल ने घायल को भर्ती करने से साफ मना कर दिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जालंधर सिविल अस्पताल रेफर करना पड़ा। ली जानकारी के अनुसार, यह घटना मोहल्ला भलोवाल में उस वक्त हुई जब प्रसोतम लाल के बेटे सुखदेव कुमार अपने घर में मौजूद थे। इसी दौरान गली में घूम रहा एक खूंखार आवारा कुत्ता उनके घर के अंदर दाखिल हो गया।

# डिजिटल खातों का डेली बैकअप हुआ अनिवार्य, भारतीय सर्वर पर रखना होगा डेटाः एडवोकेट करन चावला

लुधियाना/यूटर्न/29 जून। आयकर अधिनियम, 2025 के तहत अब उन सभी व्यापारियों और प्रोफेशनल्स के लिए एक बड़ा बदलाव आया है जो अपने खातों का रखरखाव डिजिटल रूप से करते हैं। नए इनकम टैक्स रूल्स, 2026 के नियम 46(8) के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक मोड में अकाउंट बुक रखने वाले सभी करदाताओं को अब अपने वित्तीय डेटा का रोजाना बैकअप लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही, यह बैकअप कॉपी भौतिक रूप से भारत में स्थित सर्वर पर ही स्टोर होनी चाहिए।

लुधियाना के टैक्स मामलों के विशेषज्ञ, एडवोकेट करन चावला (Karan Chawla, Advocate) ने इस नए प्रावधान के बारे में स्थानीय व्यवसायियों को सचेत करते हुए इसके मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला है:

**रोजाना बैकअप की शर्त:** यदि आप टैली, जोहो बुक्स या किसी अन्य सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं, तो हर बिजनेस डे (कार्यदिवस) की समाप्ति पर ऑटोमैटिक या मैनुअल बैकअप लेना जरूरी है।

**भारतीय सर्वर अनिवार्य:** भले ही आपका मुख्य अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर किसी विदेशी क्लाउड सर्वर (जैसे अमेरिका या सिंगापुर) पर चल रहा हो, लेकिन उसका बैकअप केवल भारत में स्थित डेटा सेंटर में ही सुरक्षित किया जाना चाहिए।

**किसे होगा लागू:** यह नियम धारा 62 और धारा 63 के तहत आने वाले उन सभी छोटे-बड़े व्यापारियों, कंपनियों, पार्टनरशिप फर्म और डॉक्टरों या वकीलों जैसे प्रोफेशनल्स पर लागू होता है, जो डिजिटल अकाउंटिंग करते हैं।

लापरवाही पर जुर्मानाः एडवोकेट करन



चावला ने बताया कि इस नियम का पालन न करने पर टैक्स विभाग द्वारा 25,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, ऑडिट रिपोर्ट में गलत जानकारी देने पर ऑडिटर्स को भी 10,000 का जुर्माना झेलना पड़ सकता है। व्यवसायियों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत अपने सॉफ्टवेयर वेंडर्स से संपर्क कर सर्वर की लोकेशन और डेली क्लाउड बैकअप की सेटिंग को सुनिश्चित कर लें ताकि भविष्य में किसी भी कानूनी परेशानी या स्क्रूटनी से बचा जा सके।

## पंजाब में भी डाक से भेजे जाएं जीएसटी नोटिसः एडवोकेट करन चावला

लुधियानाः पंजाब के व्यापारियों और करदाताओं को जीएसटी नोटिस की जानकारी न मिलने के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए, लुधियाना के प्रसिद्ध एडवोकेट करन चावला ने पंजाब सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग की है। उन्होंने कहा है कि पंजाब आबकारी और कराधान विभाग को भी पड़ोसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर जीएसटी नोटिस और डिमांड आर्डर डाक के जरिए भेजने की व्यवस्था तुरंत शुरू करनी चाहिए।

दरअसल, हरियाणा सरकार के स्टेट टैक्स कमिश्नर विनय प्रताप सिंह द्वारा 1 जून 2026 को एक अहम निर्देश (Instruction No. 02/2026/GST-II) जारी किया गया है। इसके तहत अब व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल के साथ-साथ 'रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट' के जरिए भी शो-कॉज नोटिस (DRC-01) और डिमांड ऑर्डर (DRC-07) भेजे जाएंगे।

एडवोकेट करन चावला ने बताया कि कई बार व्यापारी रोजाना जीएसटी पोर्टल चेक नहीं कर पाते, जिससे जरूरी नोटिस छूट जाते हैं और उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई हो जाती है। हरियाणा सरकार का यह फैसला व्यापार जगत के लिए एक बड़ी राहत है, जहां पोर्टल पर नोटिस अपलोड होने के 15 दिनों के भीतर उसे डाक से भी भेजा जाएगा। साथ ही, इसका पूरा रिकॉर्ड रखने के लिए अधिकारियों द्वारा एक डिस्पैच रजिस्टर भी मेंटेन किया जाएगा। करन चावला ने पंजाब के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से अपील की है कि पंजाब में भी इस पारदर्शी तरीके को अपनाया जाए। अगर पंजाब सरकार भी पोर्टल के साथ-साथ रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजना अनिवार्य कर देती है, तो इससे न केवल टैक्स चोरी पर लगाम लगेगी, बल्कि ईमानदार व्यापारियों को बेवजह के मुकदमों और भारी जुर्माने से भी बचाया जा सकेगा। व्यापार को आसान बनाने (Ease of Doing Business) की दिशा में पंजाब सरकार को यह कदम तुरंत उठाना चाहिए।

# डेढ़ करोड़ की साइबर ठगी में दो बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

## फर्जी करंट खाते खोलकर ठगी की रकम ट्रांसफर करने का आरोप, अब तक आठ आरोपी काबू

पंचकूला/यूटर्न/29 जून। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डेढ़ करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में उत्तर प्रदेश से दो बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों बैंक कर्मचारियों ने साइबर ठगों के साथ मिलीभगत कर बैंक में फर्जी करंट खाते खुलवाए और इन खातों के जरिए ठगी की रकम ट्रांसफर करवाई। इस काम के बदले आरोपियों ने कमीशन लिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

साइबर क्राइम थाना के जांच अधिकारी भूप सिंह ने बताया कि यह मामला वर्ष 2024 का है। पीड़ित व्यक्ति से ऑनलाइन माध्यम से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक खातों की



डिटेल खंगाली तो उत्तर प्रदेश के सीतापुर और हरदोई से जुड़े दो बैंक कर्मचारियों की भूमिका सामने आई। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच अधिकारी भूप सिंह,के अनुसार आरोपियों ने अपने साथी संदीप के साथ मिलकर बैंक में फर्जी करंट खाते खुलवाए थे। इन्हीं खातों में साइबर ठगी की रकम मंगवाई गई और बाद में कमीशन काटकर आगे साइबर अपराधियों तक पहुंचाई गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने कितने बैंक खाते खुलवाए और इन खातों से कितनी रकम अलग-अलग लोगों तक भेजी गई। पुलिस का मानना है कि दोनों बैंक कर्मचारियों की गिरफ्तारी से साइबर ठगी के इस नेटवर्क से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। मामले में पहले भी कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग किस स्तर तक किया गया।

# सीसीटीवी में कैद हुआ बाइक चोर, बलटाना में घर के बाहर से स्प्लेंडर ले उड़ा

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। शहर में वाहन चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।



रविवार तड़के बलटाना के गोविंद विहार में घर के नीचे खड़ी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज सामने आने के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मोटरसाइकिल मालिक प्रकाश ने बताया कि शनिवार रात वह रोज की तरह अपनी बाइक घर के नीचे खड़ी कर सोने चला गया था। रविवार सुबह जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई तो पता चला कि रात करीब एक बजे एक युवक बाइक चोरी कर ले गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बिना किसी घबराहट के आराम से बाइक ले जाता दिखाई दे रहा है। वारदात का तरीका यह दर्शाता है कि चोर को पकड़े जाने का कोई डर नहीं था। घटना की वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से वाहन चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन पुलिस गश्त का असर जमीन पर दिखाई नहीं देता। लोगों ने रात के समय संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने और वाहन चोर गिरोह पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित प्रकाश ने पुलिस को शिकायत देकर मोटरसाइकिल बरामद करने और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की आठ दिन बाद मौत, केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। जीरकपुर-पटियाला लाइट प्वाइंट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के आठ दिन बाद परिजनों के बयान के आधार पर जीरकपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रूपेश कुमार (35) पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है, जो फेज-11, मोहाली में रहकर परिवार के साथ रहता था। मूल रूप से उसका परिवार उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले का निवासी है। मृतक के बड़े भाई उमेश कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 20 जून को रूपेश कुमार मोटरसाइकिल (पीबी-65-बीडी-4909) पर जीरकपुर से अपने घर फेज-11, मोहाली जा रहा था। पटियाला लाइट प्वाइंट से कुछ आगे पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन ने उसके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने घायल अवस्था में उसे पहले जेपी अस्पताल, जीरकपुर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीएमसीएच सेक्टर-32, चंडीगढ़ रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर बाद में उसे पीजीआई, चंडीगढ़ भेजा गया, जहां उपचार के दौरान 28 जून को उसकी मौत हो गई। जांच अधिकारी एएसआई लाभ सिंह ने बताया कि हादसे के बाद अस्पतालों से पुलिस को सूचना मिली थी, लेकिन उस समय घायल की हालत गंभीर होने के कारण वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। परिजनों से भी संपर्क किया गया था, जिन्होंने घायल के आईसीयू में भर्ती होने की जानकारी दी थी। मौत के बाद मृतक के भाई उमेश कुमार ने थाने पहुंचकर बयान दर्ज कराया। पुलिस ने भाई के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

# चंडीगढ़ में पल्स पोलियो अभियान को मिली रफ्तार, दूसरे दिन 26,150 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

अजीत झा.चंडीगढ़। यूटी स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन भी घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का अभियान जारी रहा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने शहरभर में 1,35,670 घरों का दौरा कर पांच वर्ष से कम आयु के 26,150 बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की खुराक पिलाई।





स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो रोधी टीकाकरण से वंचित न रहे। घर-घर पहुंची स्वास्थ्य टीमों ने बच्चों को वैक्सीन पिलाने के साथ-साथ अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

इस बीच, 28 जून को स्वास्थ्य विभाग की ह्लतारे जमीन परह्न पहल के तहत विशेष रात्रिकालीन टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। यह अभियान उन बच्चों तक पहुंचने के लिए आयोजित किया गया, जो सामान्य समय में टीकाकरण नहीं करा पाए थे। इस दौरान बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, ट्रैफिक सिग्नलों, निर्माण स्थलों और अन्य स्थानों पर मौजूद प्रवासी एवं यात्रा कर रहे परिवारों के कुल 134 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई।

स्वास्थ्य विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पल्स पोलियो अभियान के दौरान फील्ड टीमों का पूरा सहयोग करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके परिवार का कोई भी पांच वर्ष से कम आयु का बच्चा जीवनरक्षक पोलियो वैक्सीन की खुराक लेने से वंचित न रहे।

# अमरनाथ यात्राः शिव भक्तों की सेवा को 'मिशन' मानकर निकले जत्थे

## जगरांव से रसद के ट्रकों को दिखाई गई हरी झंडी, श्री गौरी शंकर सेवा मंडल ने 17वें भंडारे की तैयारियों को दी अंतिम रूपरेखा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/29/जून। पवित्र अमरनाथ यात्रा की राह आसान करने और भोले के भक्तों की सेवा में स्वयं को समर्पित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, 'श्री गौरी शंकर सेवा मंडल' के सेवादारों ने एक बार फिर कमर कस ली है। आज शहर में एक विशेष अनुष्ठान और हवन-यज्ञ के बाद, 17वें वार्षिक भंडारे की सामग्री से लदे ट्रक जम्मूकश्मीर के लिए रवाना किए गए। रवानगी के समय उमड़ा जनसैलाब और 'हर-हर महादेव' के नारों ने माहौल को पूरी तरह शिवमय बना दिया।





### सेवा ही धर्म, सेवा ही साधना

मंडल के प्रधान विवेक गुप्ता और चेयरमैन गोपी शर्मा ने सेवा भाव को सर्वोपरि बताते हुए कहा, ₹अमरनाथ यात्रियों की सेवा करना मात्र एक काम नहीं, बल्कि हमारे लिए साक्षात महादेव की पूजा है। रामबन जिले के चंदरकोट में हमारा भंडारा हमेशा से ही यात्रियों के लिए एक विश्राम स्थल और ऊर्जा का केंद्र रहा है। इस वर्ष भी हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ हजारों भक्तों के खान-पान और सुख-सुविधाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविचल सेवा का संकल्पः

मंडल के सदस्यों ने इस यात्रा के दौरान बिना किसी भेदभाव के सेवा करने का प्रण लिया है। चंदरकोट में लगने वाला यह विशाल भंडारा न केवल भोजन का केंद्र होगा, बल्कि यात्रियों के लिए एक भरोसेमंद ठिकाना भी साबित होगा। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरा मंडल पिछले कई दिनों से इसकी तैयारियों में जुटा था।

### इन सेवावीरों की रही प्रमुख उपस्थितिः

इस पुनीत कार्य में सेवा मंडल के उन समर्पित सदस्यों का अहम योगदान रहा, जो निरंतर निस्वार्थ भाव से समाजसेवा में लगे हैं। इस अवसर पर हेमराज सिंगला, विनय शर्मा, ब्रिज लाल, सचिन लूंबा, सुमित शास्त्री, अश्वनी कुमार, रोहित शर्मा, घनैया लाल, समरजीत समरी, आकाश वर्मा, साजन मल्होत्रा, सतीश कुमार पप्पू, अनिल चोपड़ा, अमित निजावन, हरजीत सिंह, सुखदीप नाहर, संजीव मल्होत्रा, वरिंदर गर्ग, बॉबी जैन, दीपक शर्मा, मुकेश कुमार, गोपाल शर्मा, अमित लूंबा, मनीष गोयल, योगराज शर्मा, राजू लूंबा और नरेश कुमार समेत दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर निकले ये ट्रक, अब चंदरकोट की पहाड़ियों पर गूंजेगी सेवा की गूंज।

# चंडीगढ़ में गर्मी का आखिरी हमलाः 41 डिग्री पर पहुंचा पारा, 2 जुलाई से भारी बारिश और तेज आंधी की दस्तक



चंडीगढ़/यूटर्न/29/जून। जून का महीना विदाई से पहले चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के लोगों की कड़ी परीक्षा ले रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे पूरे ट्राइसिटी में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। दोपहर के समय सड़कें सूनी रहीं, बाजारों में भीड़ कम दिखी और लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। हालांकि मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। अगले दो दिन गर्मी का असर बना रहेगा, लेकिन जुलाई की शुरूआत के साथ मानसून सक्रिय होगा और तेज बारिश के साथ तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार 2 और 3 जुलाई को चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। विभाग ने 1 जुलाई के लिए आंधी-तूफान का येलो अलर्ट, जबकि 2 जुलाई के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# एक फोटो के आधार पर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 27.97 ग्राम चोरी का सोना बरामद



लुधियाना/यूटर्न/29 जून। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के निदेर्शों पर शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 27.97 ग्राम चोरी का सोना भी बरामद किया है। इंस्पेक्टर परमवीर सिंह की निगरानी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया सूचना के आधार पर केवल एक फोटो की मदद से आरोपी की पहचान की। पुलिस के अनुसार 9 जून को नेता जी नगर निवासी आत्म प्रकाश भसीन की शिकायत पर थाना डिवीजन नंबर-1 में मामला दर्ज किया था। शिकायत में बताया गया था कि एक व्यक्ति ग्राहक बनकर उनकी ज्वेलरी दुकान पर आया और सोने का सेट देखने के बहाने सोने का हार, झुमकों की एक जोड़ी तथा एक सोने का कांटा चोरी कर फरार हो गया। जांच के दौरान आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली (मुजफ्फरनगर) जिले के गांव बूंटा निवासी मोहम्मद अफसर पुत्र मोहम्मद इकबाल के रूप में हुई। पुलिस ने 25 जून को तकनीकी और खुफिया सूचना के आधार पर नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन वेस्ट स्थित सलमान रेजिडेंस से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने चोरी किया गया सोना उत्तर प्रदेश के मेरठ में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने अदालत से तीन दिन का रिमांड हासिल कर मेरठ में छापेमारी की और 27 जून 2026 को 27.97 ग्राम चोरी का सोना बरामद कर लिया।

# निहंगों पर की कार्रवाई से नाराज युवक की उत्तराखंड के थाने उड़ाने की धमकी, इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद अंबाला से गिरफ्तार



अंबाला/यूटर्न/29 जून। उत्तराखंड के सभी पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले हरियाणा के अंबाला निवासी 26 वर्षीय युवक जसप्रीत सिंह को देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर धमकी भरी पोस्ट शेयर की थी, जिसमें 25 जून 2026 को उत्तराखंड के सभी थानों में धमाके करने की चुनौती दी गई थी। पोस्ट वायरल होने के बाद देहरादून पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और 28 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि कर्णप्रयाग में निहंगों पर हुई पुलिस कार्रवाई से नाराज होकर उसने आवेश में यह पोस्ट की थी। जांच में आरोपी की पहचान हरियाणा के अंबाला निवासी 26 वर्षीय जसप्रीत सिंह के रूप में हुई।

# चंडीगढ़ की पुनर्वास कॉलोनियों को बड़ी सौगात की तैयारी

## 35 हजार परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक, केंद्र को भेजा प्रस्ताव




अजीत झा, चंडीगढ़। चंडीगढ़ की पुनर्वास कॉलोनियों में वर्षों से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे करीब 35 हजार परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। चंडीगढ़ प्रशासन ने इन परिवारों को उनके मकानों का स्वामित्व देने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेज दिया है। यदि अगले 15 दिनों में केंद्र सरकार से मंजूरी मिल जाती है तो लाभार्थियों को कलेक्टर रेट का केवल पांच प्रतिशत एकमुश्त जमा कर अपने मकानों का मालिकाना हक मिल सकेगा।

यह जानकारी उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सेक्टर-36 स्थित फेडरेशन ऑफ सेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (फॉसवेक) की कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दी। बैठक की अध्यक्षता फॉसवेक अध्यक्ष बलजिंदर सिंह बिट्टू ने की, जबकि शहर की विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

डीसी ने बताया कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद धनास, मलोया, मौलीजागरां, रामदरबार, सेक्टर-38 वेस्ट, सेक्टर-49, 52, 56, बापूधाम, इंदिरा कॉलोनी, डड्डूमाजरा, विकास नगर और खुड्डा लाहौरा समेत शहर की सभी प्रमुख पुनर्वास कॉलोनियों के परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में डीसी ने एस्टेट कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार का भी दावा किया। उन्होंने बताया कि पहले जहां छह हजार से अधिक नोटिस लंबित थे, अब उनकी संख्या आधी रह गई है। भविष्य में कोई भी नोटिस छह महीने से अधिक लंबित नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एस्टेट कार्यालय के पास लगभग 800 प्लॉट उपलब्ध हैं और हर तीन महीने में उनकी नीलामी कर सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी की जा रही है।

### अवैध होटल और होम स्टे पर होगी सख्त कार्रवाई

शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर उठे सवालों के जवाब में डीसी ने कहा कि बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध होटल और होम स्टे के खिलाफ जल्द बड़े स्तर पर डिमोलिशन ड्राइव चलाई जाएगी। होटल संचालकों के लिए प्रत्येक मेहमान का रिकॉर्ड ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### 79 निजी स्कूलों को नोटिस, पार्किंग नियम लागू होंगे

यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने 79 निजी स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं। डीसी ने कहा कि नियमानुसार स्कूल परिसर का 20 प्रतिशत हिस्सा पार्किंग के लिए आरक्षित होना चाहिए, लेकिन कई स्कूलों ने वहां निर्माण कर लिया है। विशेष रूप से सेक्टर-26 में स्कूलों के कारण लगने वाले ट्रैफिक जाम को देखते हुए छुट्टी के समय में बदलाव और परिसर के भीतर पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अन्य अहम फैसले

बैठक में डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर उसे वन विभाग को सौंपने की योजना की जानकारी भी दी गई, ताकि भविष्य में वहां दोबारा कूड़ा न डाला जा सके।

बिजली के हर महीने आने वाले बिलों पर लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने कहा कि इस मुद्दे पर सीपीडीएल से चर्चा की जाएगी। उन्होंने माना कि मासिक बिलिंग व्यवस्था से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।

# कागजों में क्लीन एंड ग्रीन, जमीन पर कूड़े के ढेर

**स्कूल के पास लगा कूड़े का ढेर, बच्चों की सेहत पर खतरा, ओल्ड कालका रोड और बलटाना में सफाई व्यवस्था की खुली पोल**





जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। शहर को साफ-सुथरा और ग्रीन बनाने के प्रशासनिक दावों के बीच ओल्ड कालका रोड और बलटाना गांव में लगे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहे हैं। जगह-जगह जमा गंदगी से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नियमित सफाई और कूड़ा उठाने की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह गई है। बलटाना गांव में स्थिति अधिक चिंताजनक है। यहां सरकारी स्कूल से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही कूड़े के ढेर लगे हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में खुले में पड़ा कूड़ा बदबू और बीमारियों का कारण बन सकता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और आसपास रहने वाले परिवारों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार खाली प्लाटों से कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी जिस ठेकेदार को दी गई है, उसने पिछले करीब एक सप्ताह से बलटाना गांव में सफाई नहीं करवाई। इसके चलते कई स्थानों पर कूड़ा जमा होता जा रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि नगर परिषद की टीमें, सुपरवाइजर और निगरानी व्यवस्था आखिर मौके पर दिखाई क्यों नहीं देती।

निवासियों का कहना है कि केवल रोस्टर बनाकर आदेश जारी करने से शहर साफ नहीं होगा। जमीनी स्तर पर सफाई, नियमित मॉनिटरिंग और जिम्मेदारी तय करना जरूरी है। उन्होंने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और प्रभावित इलाकों में तुरंत सफाई करवाने की मांग की है।

इस मामले में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए एएमई साक्षी जिंदल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## सीएचबी ने बकाया देयों के सत्यापन के लिए जारी की सूचना, खातों के मिलान हेतु लगेगा सार्वजनिक शिविर

चंडीगढ़/यूटर्न/29 जून। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) ने अपनी विभिन्न आवासीय और वाणिज्यिक योजनाओं के आवंटियों एवं हस्तांतरणधारकों से अपनी संपत्तियों से संबंधित बकाया देयों का ऑनलाइन सत्यापन करने की अपील की है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया लीजहोल्ड, लाइसेंस, हायर परचेज, रेंटल और टेनेंसी योजनाओं के तहत आने वाली संपत्तियों के लिए है, जबकि फ्रीहोल्ड संपत्तियां इसके दायरे में शामिल नहीं हैं। सीएचबी के अनुसार आवंटी एवं हस्तांतरणधारक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध अकाउंट स्टेटमेंट के माध्यम से अपनी संपत्ति से संबंधित बकाया राशि की जांच कर सकते हैं। यदि खाते में दर्शाई गई राशि या विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति दिखाई देती है तो संबंधित व्यक्ति मूल भुगतान रसीदों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पहुंचकर अपने खातों का मिलान (रिकन्सिलिएशन) करा सकते हैं।

## बठिंडा में दीवारों पर लिखा 'यहां चिट्टा बिकता है' मामले में हाईकोर्ट सख्त




### पंजाब सरकार को 16 जुलाई तक अंतिम मौका

चंडीगढ़, यूटर्न/29 जून। बठिंडा के मौड़ कलां गांव में दीवारों पर 'यहां चिट्टा बिकता है' लिखे जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि 16 जुलाई तक मांगी गई जानकारी पेश नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि उसके पहले के आदेशों के बावजूद सरकार अब तक पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं करा सकी है। अदालत ने राज्य सरकार से मौड़ थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 82 मामलों की वर्तमान स्थिति का विस्तृत ब्यौरा मांगा है। कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि कितने मामलों में जांच पूरी हो चुकी है, कितनों में चालान अदालत में पेश किए गए हैं और शेष मामलों में क्या कार्रवाई की गई है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से राज्यभर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत कदमों की विस्तृत जानकारी भी मांगी है। यह मामला पिछले वर्ष दिसंबर में उस समय चर्चा में आया था, जब बठिंडा के मौड़ कलां गांव में ग्रामीणों ने नशे के बढ़ते कारोबार के विरोध में गांव की दीवारों पर 'यहां चिट्टा बिकता है' लिख दिया था। इस खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से जवाब तलब किया था। सरकार ने पहले दाखिल अपने जवाब में बताया था कि मौड़ थाना क्षेत्र में एक वर्ष के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 82 एफआईआर दर्ज की गईं और 151 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पूरे बठिंडा जिले में इसी अवधि में नशा तस्करी से जुड़े 1,673 मामले दर्ज किए गए थे। अब हाईकोर्ट ने सरकार को 16 जुलाई तक पूरी रिपोर्ट दाखिल करने का अंतिम अवसर देते हुए संकेत दिया है कि आदेशों की अवहेलना की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा सकते हैं।

## सहकारिता सप्ताह के अवसर पर पंचकूला केन्द्रीय सहकारी बैंक में कर्मचारियों ने ली 'सहकार से समृद्धि' की शपथ



पंचकूला, यूटर्न/29 जून। पंचकूला केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रांगण में सहकारिता सप्ताह के आयोजन के अवसर पर बैंक के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबन्धक श्री यशवीर सिंह ने सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार बैंक कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे ३सहकार से समृद्धि३ के संकल्प को साकार करने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी शपथ ली कि समृद्ध सहकारिता, विकसित भारत की सशक्त नींव बनेगी तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। साथ ही, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान देने का भी संकल्प लिया। सभी पैक्सों में भी विशेष आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पहलों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी सदस्यों को प्रदान की गई। साथ ही, पैक्स की ऑडिट रिपोर्ट पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सदस्यों को इस बारे में अवगत कराया गया।

# बिजली तारों से निकली चिंगारियां, कई इलाकों में दहशत

**गर्मी में बिजली लाइनों पर बढ़ा लोड, स्पार्किंग से सहमे लोग, लोहगढ़, जर्जर तारों ने बढ़ाया हादसे का खतरा, विभाग से मरम्मत की मांग**

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। भीषण गर्मी के बीच शहर की बिजली व्यवस्था की खामियां एक बार फिर सामने आई हैं। सोमवार को लोहगढ़, भबात, बलटाना और गाजीपुर सहित कई इलाकों में बिजली के तारों से लगातार चिंगारियां निकलती रहीं। कई जगह स्पार्किंग इतनी तेज थी कि वह आतिशबाजी जैसी नजर आई, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया।





निवासियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली खपत बढ़ने से पुराने तारों और ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। कई स्थानों पर तार काफी पुराने और कमजोर हो चुके हैं, जिसके कारण आए दिन फॉल्ट और स्पार्किंग की समस्या सामने आ रही है। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रही। लोगों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद समस्या का समय पर समाधान नहीं किया गया। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण शहर में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यदि जर्जर तारों और उपकरणों की समय रहते जांच व मरम्मत नहीं की गई तो अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जीरकपुर के सभी इलाकों में बिजली लाइनों का सर्वे करवाया जाए और खराब तारों को तुरंत बदला जाए। जहां भी स्पार्किंग की शिकायतें आ रही हैं, वहां टीम भेजकर तत्काल कार्रवाई की जाए। निवासियों ने प्रशासन से भी हस्तक्षेप कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# 39 डिग्री तापमान, 46 डिग्री जैसी गर्मी ने झुलसाई हरियाली

**तेज धूप और उमस से लोग बेहाल, पौधे भी झुलसे, जीरकपुर में गर्मी की मार, सड़कें सूनी और पौधे मुरझाए**

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस के कारण लोगों को 46 डिग्री जैसी भीषण गर्मी महसूस हुई। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम रही। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले।





गर्मी का असर केवल लोगों पर ही नहीं, बल्कि पेड़-पौधों पर भी साफ दिखाई दिया। कई स्थानों पर पौधों की पत्तियां झुलसकर सूख गई और छोटे पौधे मुरझा गए। पार्कों, खाली प्लाटों और सड़कों के किनारे लगी हरियाली पर तपती धूप की मार साफ नजर आई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर में कुछ मिनट धूप में खड़ा रहना भी मुश्किल हो गया है। गर्म हवाओं के कारण शरीर जल्दी थकने लगता है। बच्चों, बुजुर्गों और बाहर काम करने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि शहर में लगे पौधों की नियमित सिंचाई करवाई जाए, ताकि हरियाली को बचाया जा सके। मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# करनाल नरवाल और इंडस वैली अकादमी फाइनल में, आज पंचकूला में खिताबी भिड़ंत

पंचकूला/यूटर्न/29 जून। स्वर्गीय रतन लाल कटारिया मेमोरियल लड़के/लड़कियों के क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में करनाल नरवाल क्रिकेट अकादमी, हरियाणा और इंडस वैली क्रिकेट अकादमी, डेराबस्सी, पंजाब की टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं। ग्रैंड फाइनल मैच 30 जून को दोपहर 12 बजे ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में खेला जाएगा। शाम 6 बजे होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के खेल, कानून एवं युवा अधिकारिता मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। पहले सेमीफाइनल में करनाल नरवाल क्रिकेट अकादमी ने चैंप्स क्रिकेट अकादमी, पीरमुच्छला को 19 रन से हराया। करनाल ने




30 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। रितेश ने 66 और प्रतीक पाल ने 60 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में चैंप्स अकादमी 30 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। प्रतीक पाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरे सेमीफाइनल में इंडस वैली क्रिकेट अकादमी ने चौहान क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर को 23 रन से मात दी। इंडस वैली ने 30 ओवर में 4 विकेट पर 249 रन बनाए। गुरजाप सिंह कालरा ने 74 गेंदों पर नाबाद 119 रन की विस्फोटक पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। जवाब में चौहान अकादमी 226 रन तक पहुंच सकी। अब फाइनल में हरियाणा और पंजाब की मजबूत टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

## पंजाबी युवक ने अमेरिकन दंपति को पीटा, पहले धक्का-मुक्की, फिर बीच रोड पर लात-घूंसे

पंजाब/यूटर्न/29 जून। पंजाब के युवक और अमेरिकन दंपति के बीच हुए झगड़े का वीडियो सामने आया है। अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी में नस्लीय टिप्पणी को लेकर लात-घूंसे और थप्पड़ चले। वीडियो में पहले महिला-पुरुष एक युवक से बहस करते दिखते हैं। इस बीच एक पंजाबी युवक बीच में आता है और कुछ देर तक महिला-पुरुष को समझाता है। नहीं समझने पर पहले पंजाबी में ही गाली देता और फिर रोड के बीच झगड़ा शुरू हो जाता है। इस बीच पंजाबी युवक का दूसरा साथी भी बाहर निकल आता है और महिला और पुरुष के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो जाती है। कार से निकला पंजाबी युवक अचानक एग्रेसिव हो जात है और अमेरिकन व्यक्ति को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ देता है। बीच बचाव के लिए जब स्थानीय व्यक्ति की पत्नी आती है, तो उसे भी धक्के मारे जाते हैं और भाग जाने के लिए कहा जाता है। इस बीच स्थानीय व्यक्ति पंजाबी युवक को कहा कि वह उसकी पत्नी के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते है, इसके बाद फिर से पंजाबी युवक उसे थप्पड़ जड़ देता है।



## कृति सेनन का ग्लैमरस अंदाज चर्चा में, फैशन लुक ने खींचा ध्यान



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आए उनके नए फोटोशूट में कृति का स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। व्हाइट आउटफिट, मिनिमल मेकअप और एलीगेंट पोज के साथ कृति ने अपने फैशन सेंस का अलग ही प्रभाव छोड़ा है। सोशल मीडिया पर फैंस उनके इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स का कहना है कि कृति अब फिल्मों के साथ-साथ फैशन वर्ल्ड में भी मजबूत पहचान बना चुकी हैं। बी-टाउन में भी चर्चा है कि कृति का यह नया अवतार उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स से पहले बड़ा स्टाइल स्टेटमेंट माना जा रहा है। कृति सेनन लगातार अपने अभिनय, फिटनेस और फैशन चॉइस के कारण युवा दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। उनका यह लुक एक बार फिर साबित करता है कि वह ग्लैमर और क्लास दोनों को बखूबी बैलेंस करना जानती हैं।

# मुख्यमंत्री तीर्थ स्थल यात्रा योजनाः जीरकपुर से श्रद्धालुओं की दो और बसें रवाना

**67वीं और 68वीं बस को नगर परिषद प्रधान गुरप्रीत सिंह विरक ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं ने सरकार का जताया आभार**



जीरकपुर/यूटर्न/29 जून।

पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ स्थल यात्रा योजना के तहत रविवार को जीरकपुर से श्रद्धालुओं की दो और बसों को धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के दिशा-निर्देश पर नगर परिषद के प्रधान गुरप्रीत सिंह विरक ने वार्ड नंबर 23 सिंहपुरा से 67वीं तथा वार्ड नंबर 24 रामगढ़ भुड्डा से 68वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बसों के रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने कहा कि इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, जो पहले कई लोगों के लिए संभव नहीं था। उन्होंने पंजाब सरकार और विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का आभार व्यक्त किया।

नगर परिषद प्रधान गुरप्रीत सिंह विरक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ स्थल यात्रा योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर जरूरतमंद लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस योजना के तहत श्रद्धालुओं के जत्थे नियमित रूप से रवाना किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर नगर परिषद सदस्य गुरदीप सिंह और परविंदर कौर सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# किरायेदार बनकर 14.13 लाख की साइबर ठगी, तीन साल पुराने मामले में राजस्थान से दो और आरोपी गिरफ्तार



पंचकूला, 29 जून। दिल्ली में मकान किराये पर लेने के नाम पर पंचकूला निवासी से 14.13 लाख रुपये की साइबर ठगी के तीन साल पुराने मामले में पंचकूला साइबर क्राइम थाना पुलिस ने राजस्थान से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रम सिंह भंडारी निवासी जिला भरतपुर, राजस्थान और दिलखुश मीणा निवासी जिला दौसा, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के निर्देश पर लंबित साइबर मामलों के निपटारे के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। इससे पहले वर्ष 2023 में रीवा, मध्य प्रदेश निवासी आयुष कुमार मिश्रा और पियूष कुमार त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया था। उनसे ठगी की रकम का हिस्सा और वारदात में इस्तेमाल कई एटीएम कार्ड बरामद हुए थे।

साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के अनुसार शिकायतकर्ता ने दिल्ली स्थित अपना मकान किराये पर देने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन डाला था। आरोपियों ने खुद को सीआईएसएफ अधिकारी बताकर भरोसा जीता और किराया व सिक्योरिटी राशि भेजने का झांसा देकर उल्टा अलग-अलग बैंक खातों में 14,13,500 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जांच में सामने आया कि विक्रम सिंह भंडारी के बैंक खाते में शिकायतकर्ता से 8.40 लाख रुपये ट्रांसफर कराए गए थे। पुलिस ने उसे 24 जून को राजस्थान से गिरफ्तार किया।

# 18 दिन बाद भैंस चोरी का केस दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

जीरकपुर/यूटर्न/29 जून। पटियाला रोड स्थित गांव दयालपुरा में पशु चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर एक किसान के घर में बने पशुओं के बाड़े में घुसकर एक भैंस और दो कटड़े चोरी कर ले गए। किसान ने पहले अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन पशुओं का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता बलजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 11 जून की रात उसकी भैंस और दो कटड़े घर के बाड़े में बंधे हुए थे। सुबह जब वह पशुओं को देखने पहुंचा तो तीनों गायब मिले। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी एएसआई मेजर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चंडीमंदिर रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पहचान में जुटी जीआरपी



पंचकूला, /यूटर्न/29 जून। चंडीमंदिर रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव रेलवे ट्रैक के किलोमीटर नंबर 243/14-15 के बीच मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी के जांच अधिकारी बौद्ध राज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार शव करीब 4 से 5 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। तेज गर्मी के कारण शव बुरी तरह सड़ चुका है, जिस कारण मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में मृतक का बायां पैर टूटा हुआ पाया गया है, जबकि शरीर पर अन्य कोई स्पष्ट बाहरी चोट के निशान दिखाई नहीं दिए। ऐसे में अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि मौत रेल हादसे में हुई, किसी वारदात का नतीजा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पंचकूला सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है और गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## पंचकूला में पोलियो अभियान शुरू, 71,995 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य



पंचकूला, 29 जून। राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस अभियान के तहत पंचकूला जिले में 28 से 30 जून 2026 तक पोलियो उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने पीएचसी कोट में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि शून्य से पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

उपायुक्त ने कहा कि पोलियो से बचाव के लिए बार-बार दो बूंद दवा पिलाना जरूरी है। जिले में इस बार 71,995 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के 46,413 और शहरी क्षेत्र के 25,582 बच्चे शामिल हैं। अभियान के लिए 370 बूथ, 27 मोबाइल टीमें और 20 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों, निर्माण स्थलों और घुमंतू परिवारों के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश कंसल ने बताया कि पहले दिन 34,638 बच्चों को दवा पिलाई गई। अभियान के अगले दो दिन स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। इस मौके पर डॉ. काजल, डॉ. संजीव गोयल, डॉ. हरपिंदर सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372